प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

03.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जारी भीषण गर्मी और मॉनसून के शुरू होने से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जंगलों में अग्नि रेखा के रखरखाव और बायोमास के फलदायी उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाने पर भी बल दिया।

मतगणना

प्रदेश में 1 जून को हुए लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना कल 4 जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान के बाद ई वी एम स्ट्रांग रूम में केंद्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में रखी गई है। मतगणना से पहले आज पूर्वाभ्यास भी किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि रिर्टर्निंग और जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव परिणाम की जानकारी आम लोगों को उपयुक्त माध्यम से प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

मतगणना तैयारी

प्रदेश में लोकसभा चुनावों व छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केंद्र घोषित शिक्षण संस्थानों में आज और कल अवकाश घोषित किया गया है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले शाहपुर, नगरोटा, कांगड़ा और धर्मशाला निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में की जाएगी। इसके अलावा धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी इसी कॉलेज परिसर में होगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला कॉलेज के अलावा कांगड़ा जिला में मतगणना के लिए नुरपुर, पालमपुर और ज्वालामुखी में मतगणना केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही मतगणना के लिए माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात किए जाएंगे। वहीं शिमला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप बताया कि जिला के 6 विधानसभा क्षेत्र में मतगणना केंद्र घोषित शिक्षण संस्थानों के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला, राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली, राजकीय आई टी आई ठियोग स्थित जैस, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर और जुब्बल शामिल हैं।

ई.वी.एम.

लाहौल–स्पीति ज़िले में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद काज़ा से वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से ई.वी.एम. व वी.वी.पैट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच केलंग पहुंचाया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि इन मशीनों को केलंग स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। उन्होंने कहा कि

मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच की जाएगी। उधर, चम्बा ज़िले के पांगी उपमण्डल से भी मतदान के बाद ई.वी.एम. को हैलीकॉप्टर के माध्यम से ज़िला मुख्यालय पहुंचा दिया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के अनुसार ई.वी.एम. मशीनों को स्ट्रांग रूम में पहुंचाने की प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मापदण्डों का पूरी तरह पालन किया गया है। उन्होंने बताया कि आज मतगणना स्थल पर मतगणना का अंतिम पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

निर्वाचन अधिकारी

शिमला जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला तथा राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली में 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना संबंधी तैयारियों का जायजा लिया और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मतगणना केंद्र पर सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

पर्यवेक्षक

चुनाव आयोग द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने कल हमीरपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ज़िले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों से प्रत्येक मतदान केन्द्र की रिपोर्ट हासिल की। इस अवसर पर उन्होंने 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से मतगणना के लिए जल्द से जल्द एजेंटों की नियुक्तियां करने और दस्तावेज़ों से जुड़ी सभी औपचारिकताएं समय पर पूरा करने का आग्रह किया।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **दो सीटों पर हम आगे, दो पर टक्कर। दैनिक भास्कर के शब्द हैं मुख्यमंत्री सुक्खू ने एग्जिट पोल को खारिज किया, कहा 2 सीटों पर जीत तय, 2 में नजदीकी मुकाबला। दिव्य हिमाचल** के अनुसार **कल सुबह आठ बजे मतगणना, एक घंटे में रूझान।**

मौसम की खबर को **दैनिक सवेरा टाइम्स** ने शीर्षक दिया है **सूबे में कल से 6 जून तक बारिश के आसार, गर्मी से मिलेगी निजात। पंजाब केसरी** ने लिखा है **आज से करवट लेगा मौसम, कल और परसों खूब बरसेंगे मेघ।**

दैनिक भास्कर के अनुसार **तीन निर्दलीय विधायकों पर आज अपना फैसला सुना सकते हैं विधानसभा अध्यक्ष। पंजाब केसरी** ने लिखा है **तीन निर्दलीय विधायकों पर आज सकता है फैसला।**

24 को हिमाचल आएगा 16वां वित्त आयोग शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है हिमाचल प्रदेश से होगी राज्यों के दौरे की शुरूआत।

आदर्श आचार संहिता में रूके पड़े विकास कार्य अब पकड़ेंगे रफतार हिमाचल दस्तक की एक खबर है।